प्रेषक,

मिशन निदेशक,
एस0पी0एम0यू0 / एन0आर0एच0एम0
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक :एन0आर0एच0एम0 / एस0पी0एम0यू0 / एम0सी0टी0एस0 / 2012–13 / 2113-75 दिनांक : 21/11/12

विषयः एम0सी0टी0एस0 कार्यक्रम के अन्तर्गत डेटा एन्ट्री आपरेटर्स को नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि भारत सरकार के निर्देशानुसार एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर डेटा एन्ट्री आपरेटर्स द्वारा ऑन लाइन फीडिंग का कार्य ब्लाक स्तर पर प्रत्येक जनपद में किया जा रहा है। इस कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा स्वीकृत सप्लीमेंट्री पी0आई0पी0 2012–13 के मिशन फ्लैक्सीपूल में एफ0एम0आर0 कोड संख्या B-15.3.1 के 'Monitoring and Evaluation/HMIS/MCTS' में "मदर एण्ड चाइल्ड ट्रेकिंग" कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्रदेश के कुल 75 जनपदों के 820 विकास खडों में डेटा एन्ट्री आपरेटर्स की स्वीकृति प्रदान की गई है।

डेटा एन्ट्री आपरेटर्स हेतु अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता स्नातक व एक वर्ष का कम्प्यूटर कोर्स किया होना आवश्यक है। साथ ही साथ एम0एस0 आफिस में कार्य करने का कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो। डेटा एन्ट्री आपरेटर्स का मानदेय रूपये 10,000 / – प्रति माह सुनिश्चित किया गया है।

राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के पत्र संख्या एन0आर0एच0एम0 / एस0पी0एम0यू0 / 2012–13 / 2083 दिनांक 19.11.2012 के माध्यम से समस्त जनपदों के ऑपरेटर्स हेतु दिसम्बर 2012 से मार्च 2013 तक के मानदेय का भुगतान अवमुक्त किया जा चुका है।

जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड हेतु उपरोक्त डॉटा एन्ट्री ऑपरेटर्स जनपद स्तरीय स्थानीय ऐजेंसी के माध्यम से लिये जाने हैं। कृपया इस सम्बन्ध में यथाशीघ्र कार्यवाही कर ऐजेंसी के साथ अनुबन्ध कर उक्त डॉटा एन्ट्री ऑपरेटरों को ब्लॉक स्तर पर नियुक्त कर दिनांक 15.12.2012 तक महानिदेशक परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश एवं राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन

इकाई लखनऊ को सूचित करें तथा इन ऑपरेटरों को ऑनलाइन डॉटा फीडिंग सम्बन्धी आवश्यक प्रशिक्षण आर0आई0 कम्प्यूटर सहायक, एच0एम0आई0एस0 ऑपरेटर्स, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, ब्लॉक डॉटा कम एकॉउन्ट असिस्टेन्ट के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें।

जैसा कि आप अवगत हैं कि ब्लॉक स्तर पर एक ही कम्प्यूटर उपलब्ध है, अतः दो ऑपरेटरों की कार्य अवधि को इस प्रकार निर्धारित किया जाये कि उपलब्ध कम्प्यूटर का पूर्ण रूप से उपयोग हो सके तथा वर्ष 2012–13 के डॉटा एन्ट्री सम्बन्धी सभी बैकलॉग को समाप्त किया जा सके।

भवदीय,

(अमित कुमार घोष)
मिशन निदेशक

पत्रसंख्याःएन0आर0एच0एम0 / एस0पी0एम0यू0 / एम0सी0टी0एस0 / 2012–13 / तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. महानिदेशक परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
4. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य महानिदेशालय उ0प्र0, लखनऊ।
5. अपर निदेशक, यू0आई0पी0, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0आर0एच0एम0 उत्तर प्रदेश।
8. समस्त जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0आर0एच0एम0 उत्तर प्रदेश।

(अमित कुमार घोष)
मिशन निदेशक